भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न सं. 227
गुरूवार, 24 मार्च, 2022/3 चैत्र, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का विकास

227. श्री प्रसन्न आचार्यः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में उन प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का ब्यौरा क्या है जिन्हें विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा और क्या इनमें ओडिशा राज्य के भी कोई पर्यटन स्थल शामिल हैं;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या ओडिशा सरकार ने प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की सूची में कोणार्क के सूर्य मंदिर, चिल्का झील, भीतरकणिका राष्ट्रीय उद्यान पार्क, सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान और डायमंड ट्राएंगल बौद्ध परिपथ (सर्किट) आदि सहित राज्य के पर्यटन स्थलों को शामिल किए जाने का अनुरोध किया है, यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

ओडिशा के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का विकास के संबंध में दिनांक 24.03.2022 के राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 227 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय ने 19 अभिज्ञात स्थलों के विकास के लिए ''प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का विकास'' नामक योजना तैयार की है । ओडिशा राज्य में कोणार्क अभिज्ञात स्थलों की सूची में शामिल है ।

*****